जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 | अंक-44 | जयपुर, सोमवार, 23 नवम्बर, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

'गलती किसकी' शॉर्ट फिल्म को इंडो जापान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिले 9 केटेगरी में अवार्ड

जयपुर (हमारा वतन)

कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी को इंडो जापान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल - 2026 में बेस्ट शॉर्ट फिल्म के साथ 9 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं ।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि बेस्ट शॉर्ट फिल्म के साथ बेस्ट डायरेक्टर-राम गोपाल सैनी, बेस्ट एक्टर-उग्रसेन तंवर, बेस्ट एक्ट्रेस-जया पांडे, बेस्ट एडिटर-रजनीश सैनी, बेस्ट सिनेमैटोग्राफर-राम गोपाल सैनी, बेस्ट स्क्रीन प्ले-राम गोपाल सैनी, बेस्ट स्टोरी-उग्रसेन तंवर और बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म मेकर अवार्ड-राम गोपाल सैनी सहित कुल 9 कैटेगरी में गलती किसकी शॉर्ट फिल्म ने बाजी मारी है। राम गोपाल सैनी ने टीम मेम्बर्स, दर्शकों और फेस्टिवल डायरेक्टर का आभार जताया है।

हाल ही में पत्रकार और फिल्ममेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी 19 वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल -2027 के लिए नॉमिनेशन और 5वें सत्यजीत ऋत्विक मृणाल इंटरनेशनल कोलकाता फिल्म फेस्टिवल-2026 में ऑफिसियल सिलेक्शन हुआ है। वहीं शॉर्ट फिल्म



गलती किसकी को एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स द्वारा बेस्ट शोर्ट फिल्म 2026 का अवार्ड, इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवार्ड 2026 में 11 केटेगरी में, पुरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में 9 केटेगरी में, 5वें पंजाब इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में 9 केटेगरी में, लंदन इंटरनेशनल सिने अवार्ड्स - 2026 में 9 केटेगरी में, 8वें श्रीलंका इंटरनेशनल ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल - 2026 में 10 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं। दूरियाँ शॉर्ट फिल्म को साउथ इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवार्ड 2026 में 9 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं। दिये का सच शॉर्ट फिल्म को मुंबई इंटरनेशनल सिने अवार्ड्स -2026 में 12 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ, गलती किसकी, दिये का सच और पिता जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा।



नई ढाणी दुग्ध समिति ने भरा सरस मायरा

घिनोई (हमारा वतन)। ग्राम पंचायत घिनोई स्थित नई ढाणी दुग्ध उत्पादक महिला सहकारी समिति लि. में सरस डेयरी द्वारा संचालित सरस मायरा योजना के तहत समिति सचिव डॉ. रामचंद्र यादव के नेतृत्व में आसपास के समितियों के सचिवों ने पहुंचकर मायरा भरा।

यह आयोजन पड़ोस स्थित राबड़ों की ढाणी में समिति सदस्य संतोष देवी व साधुराम राबड़ की पुत्री के विवाह के अवसर पर किया गया। इस दौरान सरस डेयरी की ओर से 21,000 रुपये का चेक तथा 2,100 रुपये कन्यादान स्वरूप भेंट किए गए, साथ ही कन्या एवं माता-पिता को वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समिति सचिव डॉ. रामचंद्र यादव ने बताया कि इस अवसर पर सचिव श्यामलाल शर्मा, रतनलाल जाट, मालीराम यादव, रूडमल यादव, भीमाराम यादव, सुवालाल यादव, रमेश यादव और लालचंद यादव सहित कई सहायक सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने राष्ट्रीय सवर्ण दल के प्रदेश प्रभारी पद से दिया इस्तीफा

जयपुर (हमारा वतन)। डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने राष्ट्रीय सवर्ण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलीगढ़, उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इस्तीफे के साथ उन्होंने आरक्षण व्यवस्था, संविधान के अनुच्छेद 334 और संगठन की वर्तमान स्थिति को लेकर अपने विचार भी साझा किए।

डॉ. शर्मा ने कहा कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. गुप्ता एक नेक व्यक्ति हैं और वर्षों से अपने बलबूते संगठन को चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के माध्यम से आरक्षण व्यवस्था में बदलाव और इसे आर्थिक आधार पर लागू करने के लिए राजस्थान में संघर्ष किया गया तथा भारत सरकार से कई बार मांग उठाई गई। उनके अनुसार, गरीबी किसी जाति या धर्म को देखकर नहीं आती, इसलिए आर्थिक आधार पर आरक्षण देने से हर वर्ग के



जरूरतमंद और गरीब लोगों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा तथा जातिगत भेदभाव कम होगा।

संविधान के अनुच्छेद 334 का उल्लेख करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि मूल संविधान के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था प्रारंभ में 10 वर्षों के लिए लागू की गई थी, लेकिन प्रत्येक 10 वर्ष पर संसद द्वारा संविधान संशोधन कर इसे आगे बढ़ाया जाता रहा है। उन्होंने देश के प्रबुद्ध व बुद्धिजीवी वर्ग से अपील की कि आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा और सुधार को लेकर तर्कसंगत संवाद शुरू किया जाए, ताकि सामाजिक न्याय के साथ योग्यता, मेरिट और समान अवसरों के बीच संतुलन बनाया जा सके। डॉ. शर्मा ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके लिए यह गर्व का विषय रहा कि उन्होंने पहली बार राजस्थान से राष्ट्रीय सवर्ण दल के बैनर तले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारे। साथ ही, उन्होंने संगठन की मौजूदा स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जहां जमीनी वजूद कम हो और केवल पद की लालसा बनी रहे, वहां संगठन की प्रगति संभव नहीं है।

मानवता की मिसाल बनी ग्राम पंचायत मोरीजा, अनाथ बेटी की शादी के लिए दिए 31,021 रुपए

जयपुर (हमारा वतन)। सामाजिक सरोकार और मानवता की भावना का अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए ग्राम पंचायत मोरीजा की ओर से एक अनाथ बेटी के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत मोरीजा की सरपंच सीता देवी कमलेश शर्मा, ग्राम पंचायत के सम्माननीय वार्ड पंचों एवं पंचायत स्टाफ द्वारा गांव की अनाथ बेटी स्वाति परेवा की शादी में सहयोग के लिए 31,021 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता सरपंच प्रतिनिधि कमलेश कुमार संत के नेतृत्व में सौंपी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के वार्ड पंच, पंचायत स्टाफ एवं अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस पुनीत कार्य के माध्यम से ग्राम पंचायत ने यह संदेश दिया कि समाज की बेटियां सभी की बेटियां होती हैं और उनके



सुख-दुख में सहयोग करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

ग्राम पंचायत के इस सराहनीय प्रयास की ग्रामीणों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए इस प्रकार की पहल समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करती है।

ग्राम पंचायत मोरिजा की इस पहल ने यह भी साबित कर दिया कि सच्ची जनसेवा वही है, जिससे जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए।

वार्ड 28 में वर्षों से बंद पड़े ट्यूबवेल में 400 फीट पर मिला पानी

चौमूं (हमारा वतन)। चौमूं शहर के वार्ड संख्या 28 स्थित गोविंद मार्ग में वर्षों से बंद पड़े ट्यूबवेल को पुनः चालू करने की कवायद आखिरकार सफल हो गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की अनुशंसा पर नगर परिषद सभापति आशीष दुसाद, स्थानीय पार्षद श्याम किरण शर्मा तथा जलदाय विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमावत के संयुक्त प्रयास रंग लाए हैं।

मशीनों के माध्यम से ट्यूबवेल की सफाई और तकनीकी जांच किए जाने पर करीब 400 फीट की गहराई पर पर्याप्त पानी होने की पुष्टि हुई है। पानी मिलने की सूचना मिलते ही वार्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और मौके पर लड्डू बांटकर हर्ष व्यक्त किया गया।



अधिकारियों के अनुसार ट्यूबवेल पर शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसके शुरू होते ही क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर हजारीलाल शर्मा, गिरधारी लाल पाराशर, दीपक पारीक, योगेश पाराशर, विष्णु दलाल, जटाशंकर सेन, भीमा पारीक, अनिल शर्मा, ओमप्रकाश कुमावत, राकेश शर्मा, सुभाष पारीक सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।


जयपुर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2026-27 का हुआ भव्य उद्घाटन

जयपुर (हमारा वतन)

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ,बजाज नगर, जयपुर के अध्यक्ष इंद्रभूषण गोईल ने कहा कि खादी देश की पहचान है। युवा वर्ग खादी को अपनाकर देश में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका व बदलाव ला सकता है।

गोईल ने गुरुवार को बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2026-27 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है।

उन्होंने कहा कि खादी मेक इन इंडिया की पहली उपज थी। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रिय बन रही है। उन्होंने कहा इन



प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री अनिल शर्मा ने कहा कि भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।



राजस्थान खादी ग्रामउद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 20 नवम्बर 26 से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2027 तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 16 वर्षों से निरंतर खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 225 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 150 स्टॉल खादी व 75 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं।

इस अवसर पर राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के हजारीलाल देवड़ा, भगवती पारीक, सवाई सिंह , जवाहरलाल सेठिया , डॉ. अवधप्रकाश, श्री कृष्ण व्यास,भुवनेश गौड़ आदि उपस्थित रहे। राजस्थान प्रदेश की खादी संस्थाओं के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में आमजन व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शॉर्ट फिल्म माटी का लाल की शूटिंग हुई संपन्न

जयपुर (हमारा वतन)। कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म माटी का लाल की शूटिंग चौमूं शहर की विभिन्न लोकेशनों पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। पारिवारिक मूल्यों, संवेदनाओं और बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित यह फिल्म समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देती नज़र आएगी।

फिल्म के निर्देशक राम गोपाल सैनी ने बताया कि माटी का लाल की कहानी इस यथार्थ को दर्शाती है कि कैसे एक पिता अपने विदेश में बसे बेटों को ही सब कुछ मानता है, लेकिन कठिन और परेशानी के समय में उन बेटों का साथ नहीं मिल पाता, जबकि देश में रह रहा छोटा बेटा ही आगे आकर पिता की सेवा और देखभाल करता है। फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि तरक्की का अर्थ सिर्फ पैसा कमाना नहीं, अपनों का साथ और अपनी जड़ों का सम्मान करना है। अपने बुजुर्गों का ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी धरोहर हैं।

शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर, डॉ. सुरेश चंद शर्मा



और मोहन सैनी ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं। इनके साथ सहायक भूमिकाओं में पंडित रविंद्र आचार्य, शेर सिंह कुमावत, कल्याण सिंह गुर्जर, डॉ. अशोक बिजारणिया, सुधांशु विजय, मुकेश सैनी, संदीप शर्मा और करण नज़र आएंगे।

असिस्टेंट डायरेक्टर संदीप शर्मा ने जानकारी दी कि फिल्म की कहानी डॉ. सुरेश चंद शर्मा द्वारा लिखी गई है तथा एडिटिंग का कार्य रजनीश सैनी संभाल रहे हैं। शूटिंग के दौरान सर्व समाज जाग्रति संघ और अक्षिता हॉस्पिटल का विशेष सहयोग रहा। पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य पूरा होने के बाद फिल्म को जल्द ही दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ, गलती किसकी, दिये का सच और पिता जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय संगीत कलाकार सम्मान समारोह में सम्मानित होंगे 151 कलाकार

जयपुर (हमारा वतन)। शौर्य दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सृजनशील संगीत कलाकार सम्मान समारोह में विभिन्न आयु वर्गों के 151 चयनित कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की विशेषता यह होगी कि कलाकारों की संगीत साधना, उपलब्धियों और सृजनशील योगदान के अनुरूप व्यक्तिगत प्रशस्ति-पत्र तैयार किए जा रहे हैं।



समारोह के आयोजक, राष्ट्रपति से सम्मानित आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने शुक्रवार को ग्रैमी पुरस्कार विजेता पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट से उनके निवास पर मुलाकात कर आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने 151 चयनित कलाकारों की सूची भी प्रस्तुत की। पं. भट्ट ने सूची देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कलाकारों को अपना विशेष आशीर्वाद संदेश दिया, जिसका वीडियो जारी किया गया है।

आचार्य पाटोदिया ने बताया कि समारोह में कलाकारों की विशिष्ट पहचान के अनुरूप अलग-अलग उपाधियों और प्रशस्तियों से सुसज्जित सम्मान-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इन्हें सुनहरे फ्रेम और एक्रेलिक शीट के साथ तैयार किया जा रहा है। आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हिंदी दिवस पर आयोजित समारोह में 151 वरिष्ठ संगीत कलाकारों को सम्मानित किया गया था। इस बार आयु सीमा समाप्त कर सभी पीढ़ियों के सृजनशील कलाकारों को सम्मान का अवसर दिया गया है।

वैश्विक सुशासन में एशिया की बढ़ती भूमिका का प्रतीक सियोल सम्मेलन : मुख्य सचिव

सियोल/जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के मुख्य सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने आईआईएएस सियोल सम्मेलन-2026 को वैश्विक सुशासन में एशिया की बढ़ती भूमिका का प्रतीक बताया। कोरिया गणराज्य के सियोल में सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल मंचों और बड़े आंकड़ों के प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। श्रीनिवास ने सम्मेलन में पांच अनुच्छेदों वाली सियोल घोषणा को अंगीकार किए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह घोषणा सामाजिक मूल्य को विकास के केंद्र में रखती है तथा सरकारों, व्यावसायिक जगत, नागरिक समाज, शिक्षाजगत और स्थानीय समुदायों के सहयोग से सामाजिक समस्याओं के समाधान एवं संस्थागत बदलाव को आगे बढ़ाने पर बल देती है। उन्होंने विभिन्न देशों में शासन की गुणवत्ता का आकलन करने वाले आईआईएएस सुशासन सूचकांक को संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इसके लिए उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिक निदेशक प्रो. मार्को डे ला करूज के योगदान की सराहना की। मेक्सिको सिटी में वर्ष 2027 में होने वाले आईआईएएस सम्मेलन का उल्लेख करते हुए श्री श्रीनिवास ने सदस्य देशों एवं संस्थाओं के साथ निरंतर संवाद और शासन को सरल बनाने में सहायक शोध आधारित पद्धतियों के विकास पर जोर दिया।

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

सर्व ब्राह्मण समाज जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित करने का लिया निर्णय

जयपुर (हमारा वतन)। सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में श्री सुण्डेश्वर महादेव मंदिर सब्जी मंडी रोड चौमूं पर संपन्न हुई।

मुख्य जिला संगठन महामंत्री गजानंद शर्मा एवं टिंकू शर्मा ने बताया की बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 जनवरी 2027 को सर्व ब्राह्मण समाज जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

समारोह के लिए विशाल शर्मा, अर्जुन शर्मा, सोनू शर्मा एवं सीमा पारीक को कार्यक्रम संयोजक भंवर शर्मा, मास्टर श्याम शर्मा, मुकेश शर्मा एवं मुकेश मेहता को कार्यक्रम का समन्वयक बनाया गया।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं जिला



प्रवक्ता मुकेश मेहता ने बताया कि समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज के गोविंदगढ़, चौमूं, रामपुरा डाबड़ी, आमेर, जालसू पंचायत समिति परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं वार्ड पंच तथा जयपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों का अभिनंदन किया जाएगा।

बैठक में समारोह के संदर्भ में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर शर्मा, मास्टर श्याम शर्मा, टिंकू शर्मा, सोनू शर्मा, सीमा पारीक, विजय जोशी आदि ने अपने विचार व्यक्त रखें। मुख्य संगठन महामंत्री गजानंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


जॉब्स

1. इंडिया एक्सिम बैंक, पद मैनेजमेंट ट्रेनि, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2026
2. द एग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद टेक्निकल असिस्टेंट और सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट, पद संख्या 1393, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2026
3. डीएसएसएसबी, पद एमटीएस और जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 1260, अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2026
4. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2026
5. भारतीय रेलवे दिल्ली, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 4651, अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2026
6. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद मिनिस्टीरियल एंड आइसोलेटेड पोस्ट, पद संख्या 191, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2026
7. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद स्टेशन मास्टर, पद संख्या 1265, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026
8. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026



अनन्या पांडे ने कन्फर्म किया अपना ब्रेकअप? बोलीं- 'सिंगल होना एन्जॉय कर रही हूं'

अनन्या पांडे ने करण जौहर होस्टेड रियलिटी चैट शो कॉफी विद करण पर अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात की है। अनन्या पांडे ने उनके ब्रेकअप को लेकर कुछ ही वक्त पहले आई खबरों के बाद अब इस बारे में चुप्पी तोड़ी है। पति पत्नी और वो फेम एक्ट्रेस ने बताया कि वह सिंगल रहकर खुश हैं और किसी नए को अपनी जिंदगी में आने देने से पहले खुद पर फोकस करना चाहती हैं। बता दें कि पिछले दिनों ही यह खबरें उड़ी थीं कि अनन्या पांडे ने वॉकर ब्लैंकों के साथ रिश्ता खत्म कर लिया है।



करण जौहर ने बताया अनन्या का नेचर- कॉफी विद करण पर करण जौहर ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप लोगों को अनन्या के बारे में एक बात बता दूं, कि एनी किसी ब्रेकअप चिक की तरह हैं। वह फाइडे को ब्रेकअप करती हैं, और बुरी तरह टूटी हुई होती हैं। जैसे उस स्थिति में कोई भी टूट जाएगा। लेकिन फिर सोमावार को वह बिलकुल ठीक हो जाती हैं। अनन्या पांडे को करण जौहर की यह ऑब्जर्वेशन काफी दिलचस्प लगी और उन्होंने कहा, इंट्रेस्टिंग ऑब्जर्वेशन। यह सच है कि मैं कुछ रिलेशनशिप्स में रही हूं। लेकिन सच कहूं तो मुझे नहीं लगता उसमें कुछ गलत है।

सिंगल होना एन्जॉय कर रही हैं अनन्या-करण जौहर ने अनन्या पांडे की बात पर सहमति जताते हुए इस बात की तारीफ की, कि वह खुद के स्वभाव को फॉलो करती हैं। करण जौहर ने मजाकिया लहजे में कहा कि अनन्या हर रिश्ते में लगभग मंडप तक पहुंच जाती हैं। वहीं बातों-बातों में अनन्या पांडे ने कहा कि वह अभी सिंगल होने को एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने शादी के विचार पर अभी भी हार नहीं मानी हैं, बल्कि उन्हें शादी करके सेटल हो जाने और एक ही इंसान के साथ जिंदगी बिताने का विचार बहुत खूबसूरत लगता है।

मैं तो शादी के लिए ही पैदा हुई हूं-अनन्या पांडे ने करण जौहर के साथ बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि मैं तो शादी के लिए ही पैदा हुई हूं। मुझे शादी करने का विचार बहुत खूबसूरत लगता है।

रामायण में सीता के बाद अब सीबीआई अफसर बनेंगी साई पल्लवी, बाल कटवाए तो मां ने काट दिया फोन

साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। साई ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वहीं, इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म रामायण को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। नितेश तिवारी की रामायण में साई में ने माता सीता का किरदार निभाया है। रामायण इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच रही है। ऐसे में अब साई जल्द ही एक और बड़ी फिल्म में नजर आने वाली हैं। सीता के रोल के बाद अब साई ओएम- चैप्टर 1 उधिरम- द ब्लड वुड में एक बिल्कुल अलग भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में साई एक सीबीआई ऑफिसर का रोल निभा रही हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने बालों को कटवा दिया। इसी बीच अब साई ने बताया कि उनके इस फैसले पर उनके माता-पिता का क्या रिएक्शन था।




मैंने खुद को उस रोल के हिसाब से ढाल लिया-ओएम- चैप्टर 1 उधिरम द ब्लड वुड में साई पल्लवी सीबीआई ऑफिसर का रोल निभा रही हैं, जिसे अवैध लाल चंदन की तस्करी के मामले की जांच करनी है। इसी बीच साई ने बिहाइंडवुड्स टीवी को अपना इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में साई ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए अपने बाल छोटे करवाने का फैसला क्यों लिया। साई ने बताया, मैंने अपने बाल कटवाए। कहानी सुनने और अपने किरदार को समझने के बाद, मैंने खुद को उस रोल के हिसाब से ढाल लिया। मुझे कहानी इतनी पसंद आई कि मैं इस किरदार के लिए अपने बाल कटवाने को तैयार हो गई।

मां ने मेरे बालों को देख फोन काट दिया था-साई ने आगे बताया, बाल कटवाने के बाद, मैंने वीडियो कॉल के जरिए अपनी मां को अपना नया लुक दिखाया। वह काफी हैरान रह गईं और मुझसे तरह-तरह के सवाल पूछने लगीं कि मैंने ऐसा क्यों किया।

लारा दत्ता ने कैकेयी को विलेन बोलने से किया मना, बोलीं- अगर राम अयोध्या के राजा बन जाते तो...

नितेश तिवारी की रामायण फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म की कमाई शानदार हो रही है। इस फिल्म के हर एक किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म में लारा दत्ता भी हैं जिन्होंने रामायण में कैकेयी का किरदार निभाया है। कैकेयी का रामायण में नेगेटिव रोल होता है क्योंकि कैकेयी की वजह से ही राम को वनवास करना होता है। अब लारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह किरदार आम धारणा की तुलना में कहीं अधिक जटिल है।



कैकेयी को लेकर क्या बोलीं लारा-दरअसल, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान लारा ने अपने कैकेयी किरदार का बचाव किया। उन्होंने बताया कि कैकेयी के एक्शन उन वादों पर आधारित थे जो उनसे किए गए थे और साथ ही वह अयोध्या में अपने बेटे को उसका हक दिलाना चाहती थीं। लारा ने यह भी कहा कि अगर कैकेयी ने वो फैसले न लिए होते तो आज हम जिस रामायण को जानते हैं वो कभी होती ही नहीं।

बेटे के लिए नहीं लड़ती तो-कैकेयी को लेकर लारा ने स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में बताया कि कैसे कैकेयी ने राजा दशरथ को युद्ध के दौरान बचाया था जिसके बाद दशरथ ने उन्हें 2 वादे दिए थे। लारा फिर बताती हैं कि कैसे कैकेयी के पिता पहले दशरथ से शादी नहीं करवाना चाहते थे बेटी की क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि उनकी बेटी तीसरी पत्नी बनें किसी राजा के। दशरथ ने इसलिए कैकेयी को वादा किया था कि उनका बेटा ही अयोध्या का राजा बनेगा। अगर वह अपने बेटे के लिए नहीं लड़ती तो अयोध्या जैसे विशाल साम्राज्य में जहां इतनी सारी साजिशें और दरबारी राजनीति चल रही थी। उसका बेटा वह सब खो देता जो उसे जन्म के समय ही मिलना तय हुआ था।

इस सर्दी आहार में शामिल करें हरी मिर्च
आपकी सेहत को होंगे ये फायदे

देखने में हरी और तीखी मिर्च के कुछ ऐसे फायदे होते हैं जो आपको बीमारियों से दूर रखने में मदद कर सकते हैं आज हम आपको उन्हीं के बारे में बताएंगे । खाने में ज़ायका बढ़ाने के लिए हरी मिर्च का कोई विकल्प नहीं है। भारत में कुछ लोग तो हरी मिर्च को खाने के साथ कच्चा खाना भी पसंद करते हैं। चटपटा और तीखा भोजन करने के प्रेमी स्वाद के लिए हरी मिर्च का सेवन करते है। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि हरी मिर्च खाने के बहुत से फायदे भी होते हैं नहीं ! तो जान लीजिए, क्योंकि हरी मिर्च का नियंत्रित सेवन आपको कई बीमारियों से दूर रख सकता है।सर्दियों का मौसम शुरू होते ही कई बीमारियां भी दस्तक देती हैं। अगर हम थोड़ी सावधानी बरतें तो इनकी चपेट में आने से बच सकते हैं। साथ ही हरी मिर्च एक ऐसा सुपरफूड है जो आपको इन सभी बीमारियों से बचने में मदद कर सकती है। साथ ही यह वजन घटाने से लेकर ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने तक कई लाभ देती है।



पोषक तत्वों का भी खजाना है हरी मिर्च -आपको स्वस्थ रहने के लिए जिन पोषक तत्वों की जरूरत होती है, उनमें से कई हरी मिर्च में मौजूद होते हैं। इनमें विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट शामिल हैं। साथ ही बीटा कैरोटीन, क्रीप्टोक्सान्थिन, लुटेन-जॅक्सन्थिन जैसे पौष्टिक तत्व भी हरी मिर्च में मौजूद होते हैं। जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट की डायटीशियन सुषमा के मुताबिक हरी मिर्च में कैप्साइसिन नाम का एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो शरीर में गर्मी बढ़ाता है और मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाता है। वे आगे कहती हैं, हरी मिर्च हमारी स्वाद ग्रंथियों को प्रभावित करती है, जिसका असर बेहतर रक्त संचार के रूप में सामने आता है। यानी हरी मिर्च के सेवन का फायदे हमें वेट लॉस के रूप में भी मिलता है।

चलिए जानते हैं हरी मिर्च के बेहतरीन फायदे

1 साइनस और दमा के मरीजों के लिए लाभदायक-हरी मिर्च में कैप्सेइसिन होता है, जो नाक में रक्त प्रवाह को आसान बनाता है। जिसके कारण सर्दी और साइनस की समस्या में राहत मिलती है। ठंड के मौसम में हरी मिर्च का सेवन काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। ताज़ी हरी मिर्च के एक चम्मच रस को शहद के साथ मिलाकर खाली पेट लिया जाए तो दमा के मरीजों को राहत मिलती है। हरी मिर्च खाने से गर्मी निकलती है साथ ही यह दर्द को कम करती है।

2 इम्युनिटी बूस्टर है हरी मिर्च -देश में जब कोरोना वायरस संक्रमण की लहर काफी तेज थी, तब डॉक्टर्स द्वारा भी हरी मिर्च का सेवन करने की सलाह दे रहे थे। असल में यह इम्यूनिटी बूस्ट करने में मददगार होती है। अगर आप अपनी इम्युनिटी को बढ़ाना चाहते हैं, तो रोज कम से कम एक हरी मिर्च का सेवन जरूर करना चाहिए। हरी मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो शरीर को बैक्टीरिया-फ्री रखने में मदद कर सकते हैं।


3 हरी मिर्च से आता है चेहरे पर निखार-इसमें विटामिन ई और विटामिन सी भारी मात्रा में होता है, जिससे चेहरे पर निखार आता है। आपको इस बात की जानकारी हो कि विटामिन ई और विटामिन सी स्किन को हेल्दी रखने में काफी मदद करते हैं। हरी मिर्च में कैलोरी की मात्रा भी काफी कम होती है। इसके अलावा यह है मेटाबॉलिज्म के लिए भी अच्छी मानी जाती है।

4 मूड को तरोताजा करती है हरी मिर्च -हरी मिर्च का सेवन हमारे दिमाग में एंडोर्फिन रिलीज करता है। इसके कारण हमारा मूड काफी खुशनुमा बना रहता है। इतना ही नहीं यह हमारी आंखों की रोशनी को बढ़ाने में भी काफी मदद करती है। इसमें मौजूद विटामिन ए आंखों की रोशनी के लिए काफी अच्छा होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

5 ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाती है हरी मिर्च-हरी मिर्च के तीखा होने का कारण मिर्च में मौजूद कैप्सियासिन नामक यौगिक है। जो खून को साफ करने का काम करता है। नसों में खून का फ्लो बेहतर होने से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या से भी छुटाकारा मिलता है। ध्यान रहे किसी भी चीज की अति हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है फिर चाहे वह हरी मिर्च ही क्यों न हो। इसलिए हमेशा नियंत्रित मात्रा में ही हरी मिर्च का सेवन करें। ज्यादा सेवन करने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

शादी के सीजन अपने गजरे के गुलाब को त्वचा के लिए करें इस्तेमाल

शादी सीजन में गजरे के तौर पर, पूजा पाठ, घर की सजावट और कई ऐसी चीजें और है जहां गुलाब के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। अक्सर इनके इस्तेमाल के बाद हम इन्हें निकाल कर फेंक देते हैं। परंतु क्या आपको मालूम है खूबसूरत गुलाब की पंखुड़ियों में कई ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो आपकी त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए कमाल कर सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर गुलाब की पत्तियां काफी फायदेमंद होती हैं। इसलिए इन्हें भूलकर भी इस्तेमाल करने के बाद न फेंके। तो अब आप सोच रही होंगी कि आखिर इनका क्या किया जाए! तो आज हम लेकर आये हैं ऐसे ही प्रभावी DIY हैक्स , जिनकी मदद से आप गुलाब की पंखुड़ियों को सही तरीके से उपयोग में ला सकती हैं। इसके साथ ही जानेंगे आखिर यह हमारी त्वचा पर किस तरह काम करती हैं। हेल्थ शॉट्स ने गुलाब की पंखुड़ियों के फायदे एवं उपयोग में लाने के तरीकों पर आयुर्वेद विशेषज्ञ और सोलट्री की टेक्निकल हेड, डॉक्टर इप्सिता चटर्जी से बातचीत की। उन्होंने इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताई हैं। तो चलिए जानते हैं आखिर इन्हें किस तरह इस्तेमाल में लाना है।



1. प्रीमेच्योर एजिंग को रोके-गुलाब की पंखुरी में एंटी ऑक्सीडेंट की मात्रा मौजूद होती है जो स्किन टिशु को रीजेनरेट होने में मदद करती हैं। ऐसे में अर्ली एजिंग साइन नजर नहीं आते। एंटीऑक्सिडेंट फ्री रेडिकल से होने वाले नुकसान को रोकता है और फाइनलाइन, रिंकल जैसी समस्याओं को समय से पहले त्वचा पर नजर नहीं आने देता।

2. त्वचा को प्राकृतिक रूप से मॉइश्चराइज करे-गुलाब में मॉइश्चराइजिंग प्रॉपर्टी पाई जाती है। ऐसे में यह सर्दियों के मौसम में ड्राई स्किन की समस्या का एक उचित इलाज हो सकती है। इसके लिए गुलाब के तेल का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा रहेगा। वहीं इसकी हाइड्रेटिंग प्रॉपर्टी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है और आपके स्किन की सेहत को बनाए रखती हैं। यह न केवल त्वचा के लिए बल्कि स्कैल्प की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता हैं। वहीं डैंड्रफ की समस्या में गुलाब से बने DIY हैक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

3. एक्सेस ऑयल को कम करने में मदद करे-गुलाब के कसैले गुण खुले हुए पोर्स को बंद करने में मदद करते हैं। वहीं त्वचा के नेचुरल पीएच वैल्यू को बनाए रखने के लिए पोर्स में जमे गंदगी, तेल और सीबम को हटाते हैं। गुलाब की पंखुड़िया ड्राई स्किन के साथ-साथ ऑयली स्किन के लिए भी फायदेमंद होती हैं। यह त्वचा को उतनी ही नमी प्रदान करती हैं जितने कि उसे जरूरत है। और एक्सेस ऑयल प्रोडक्शन को रोकती है। यह त्वचा को हाइड्रेट करते हुए स्किन में पानी की मात्रा को बढ़ाती हैं।

4. कोलेजन प्रोडक्शन में मदद करे-गुलाब की पंखुड़ियों में विटामिन ए और विटामिन सी की भरपूर मात्रा मौजूद होती है। वहीं यह पोषक तत्व त्वचा को कोलेजन प्रोड्यूस करने में मदद करते हैं। कोलेजन एक प्रकार का प्रोटीन है जो त्वचा के लिए जरूरी होता है। इसके साथ ही विटामिन सी स्किन को ब्राइट बनाती है, दाग धब्बों को कम करने में करती हैं और हाइपरपिगमेंटेशन जैसी समस्या में भी फायदेमंद हो सकती हैं।

इस तरह तैयार करें- गुलाब की कुछ पत्तियों को अच्छी तरह से क्रश कर लें। अब इसमें 7 से 8 बूंद शहद और 5 से 6 बूंद गुलाब जल डालें। फिर इन सभी को एक साथ अच्छी तरह मिला लें। और अपनी त्वचा पर अप्लाई करें। इसे 15 मिनट तक लगाए रखें उसके बाद हल्के गुनगुने पानी से त्वचा को साफ कर लें।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।
- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

सम्पादकीय.....

क्या खास है सोनिया की किताब में?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शीर्ष नेता श्रीमती सोनिया गांधी की लिखी किताब चर्चा में है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब का नाम 'बिलॉन्गिंग- ए जर्नी ऑफ लव' है। यह किताब 10 नवंबर 2026 को रिलीज हुई है। यह किताब उनका निजी संस्मरण है, जिसमें उनके निजी जीवन, इटली से भारत आने, राजीव गांधी से


राम गोपाल सैनी

शादी, परिवार और भारतीय राजनीति के विभिन्न दौरों का जिक्र है। यह किताब करीब 544 से 549 पन्नों की है। किताब के प्रकाशन के बाद इसमें दिए गए कुछ तथ्यों, तारीखों और राजनीतिक प्रसंगों को लेकर राजनीतिक गलियारों और मीडिया में काफी चर्चा और बहस देखने को मिली है। अपने समकालीन राजनीतिक धुरंधरों के बारें में भी उन्होंने कुछ खास लिखा है। श्रीमती सोनिया गांधी ने अमित शाह पर किताब में एक छोटा सा चैप्टर लिखा है। वो लिखती हैं कि मोदी जी को वो विरोधी मानती हैं, लेकिन शाह को वो राजनीति का सबसे खतरनाक खिलाड़ी मानती हैं। सोनिया गांधी लिखती हैं कि अमित शाह की राजनीति को समझना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वो कभी सामने नहीं आते, वो हमेशा पर्दे के पीछे से खेल खेलते हैं। सोनिया गांधी आगे लिखती हैं कि एक बार संसद में शाह उनसे मिले थे। शाह ने कहा था, सोनिया जी, आपने बहुत लंबी पारी खेली है। उन्होंने उस दिन शाह को जवाब दिया था, पारी अभी खत्म नहीं हुई है, शाह जी। उस दिन शाह हंस दिए थे और कहा था- यही तो मैं चाहता हूं, लड़ाई में मजा तभी आता है जब सामने वाला मजबूत हो। सोनिया गांधी ने किताब में एक और बड़ा खुलासा किया है। वो लिखती हैं कि जब कश्मीर से धारा 370 हटाई गई तो वो पूरी रात सो नहीं पाई थीं। उन्हें लगा था कि ये फैसला देश को तोड़ देगा। लेकिन अगले दिन जब शाह ने संसद में पूरी ताकत से उस फैसले का बचाव किया तो सोनिया गांधी लिखती हैं कि उन्हें लगा था कि ये आदमी डरता नहीं है। वो लिखती हैं कि मुझे शाह जी के फैसले से असहमति है, लेकिन उनकी हिम्मत से इनकार नहीं कर सकती। सोनिया गांधी लिखती हैं कि शाह की एक आदत उन्हें सबसे ज्यादा डराती है, वो है उनका हिसाब रखना।

श्री श्याम धाम मंदिर में मनाया अन्नकूट महोत्सव

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं शहर के जयपुर रोड, ओम विहार स्थित श्री श्याम धाम मंदिर में श्री श्याम धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा बड़े ही धूमधाम से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शुभारम्भ से पूर्व बाबा श्याम की मनमोहक झांकी सजाकर पूजा अर्चना करने के बाद भोग लगाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.युगल प्रकाश यादव ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में आसपास के श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसादी ग्रहण की।



कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभापति विष्णु कुमार सैनी, ट्रस्ट उपाध्यक्ष रमेश गोयनका, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप जांगिड़, डॉक्टर राकेश शर्मा, रमेश बंसल, मंगल भोमाका, सागरमल भावरिया, एडवोकेट दिनेश, पवन शर्मा, बंसी भोमाका, रामेश्वर भोमाका सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

भैरव जन्मोत्सव पर मोरीजा रोड स्थित प्राचीन मूसानिया भैरव मंदिर में होंगे भव्य आयोजन

जयपुर (हमारा वतन)। भगवान शिव के रुद्र अवतार भैरव जी महाराज का जन्मोत्सव काल भैरव अष्टमी आगामी 1 दिसंबर को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मोरीजा रोड स्थित प्राचीन कालीन मूसानिया भैरव बाबा के स्थान पर दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भैरव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद विक्रम सिंह जोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भैरव जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उत्सव के दौरान सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन होगा तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी बबलू योगी एवं राकेश



महाराज ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन भैरव बाबा का विशेष अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और फूलों की भव्य सेज सजाई जाएगी। संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन महाआरती के साथ होगी, जिसके पश्चात प्रसादी वितरण शुरू होगा। रात्रि में भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकार भैरव बाबा के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए व्यास मार्केट सहित क्षेत्र के सभी व्यापारी गणों और गणमान्य नागरिकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति पदाधिकारियों ने सभी शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

चौमूं पंचायत समिति में भाजपा ने लहराया जीत का परचम, पहली बार बने बोर्ड में हासिल किया स्पष्ट बहुमत

चौमूं (हमारा वतन)। नवगठित चौमूं पंचायत समिति के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। कुल 25 वार्डों में से 24 वार्डों के घोषित परिणामों में भाजपा प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 सीटों पर विजय प्राप्त की है।

वार्ड संख्या 25 का परिणाम ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण फिलहाल रोका गया है। इस ऐतिहासिक जीत पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूं की जनता, मतदाताओं और पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

शर्मा ने कहा कि पहली बार गठित हुई चौमूं पंचायत समिति में कमल खिलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेश सरकार के सुशासन और आमजन के भाजपा के प्रति अटूट विश्वास की जीत है। यह परिणाम दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्र की



जनता विकास और सुशासन के साथ खड़ी है। अब पंचायत समिति में भाजपा का बोर्ड बनने के साथ ही क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

भाजपा की इस शानदार विजय के बाद पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में चौमूं नगर परिषद के बाहर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आतिशबाजी कर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान पूरे परिसर में भाजपा के पक्ष में जोरदार नारेबाजी गूंजती रही।

जीत के इस जश्न में चौमूं नगर परिषद सभापति आशीष दुसाद, उप सभापति बाबूलाल सैनी, अर्जुन यादव, अरविंद यादव, अनिल मीणा, महेश मीणा, रामलाल चोपड़ा, राजेंद्र फौजी, अटल मेटी, मनीष गोयल, नांचीलाल शर्मा, मनोज बागोरिया, रफीक नागौरी, राहुल शर्मा, गुलाब लाम्बा, विक्रम सिंह जोधा, महेश धामानी, रविन्द्र शर्मा, विनोद गोदारा सहित समस्त पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स / विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

बिझौली में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

बिझौली (हमारा वतन)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की बाल प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अशोक पाल सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्त मतदाता जागरूकता को लेकर भी विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों व नागरिकों को पर्यावरण बचाने, नशे से दूर रहने तथा लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक व जागरूक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सुधीर सैनी सहित कृष्णा, इनसान, रितिक, लव्विस, अलतमश, शादिक, सोनम, सभा, आशिया, जिकरा, निशा, पायस आदि ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।